# लीज और नामांतरण के नए नियम बनाकर निगम लोगों को कर रहा परेशान : जाट

रतलाम | भवन, प्लॉट के नामांतरण, लीज नवीनीकरण के मनमाने नियम बनाकर नगर निगम लोगों को परेशान कर रहा है।

यह शिकायत जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष मयंक सिंह जाट ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल को की है। जिलाध्यक्ष जाट ने बताया विकास शाखा में नामांतरण, लीज नवीनीकरण के लिए भूखंड या भवन के भाग होने का हवाला देकर उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश की अनुमति लाने को कहा जा रहा है। इस संबंध में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग उपसंचालक 29 जून को

# छोटे भूखंडों की रजिस्ट्री पुनः चालू कराने की मांग



जिला पंजीयक कार्यालय में प्रभात बाजपेई को ज्ञापन सौंपते हुए पदाधिकारी। •नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। रतलाम जिला प्रापर्टी ब्रोकर्स एसोसिएशन द्वारा वित्त मंत्री के नाम महलवाड़ा स्थित जिला पंजीयक कार्यालय जिला पंजीयक प्रभात बाजपेई को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें पूर्व में की गई छोटे भूखंडों की रजिस्ट्री पुनः चालू कराने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया कि मप्र रजिस्ट्रेशन एक्ट में किसी भी रजिस्ट्री को रोकने का अधिकार नहीं है। सिर्फ न्यायालय के स्टे आदेश व सरकारी भूमि के अतिरिक्त किसी भी रजिस्ट्री रोकने का प्रविधान नहीं है। मप्र के किसी भी जिले में 2000 वर्गफीट के छोटे भूखंड की रजिस्ट्री पर रोक नहीं है। मात्र रतलाम जिले में ही बंद है। वर्तमान में 2000 से 3000 वर्गफीट के भूखंडों की रजिस्ट्रियों का पंजीयन रुका हुआ है। इसके कारण शासन को राजस्व की हानि भी हो रही है। अब तक जिन 2000 वर्गफीट के छोटे प्लाटों की रजिस्ट्री हो चुकी है, उन अविकसित कालोनियों में मकान भी बन चुके हैं। नगर निगम में नामांतरण भी हो चुके हैं। भूमियों के डायवर्शन हो चुके हैं। उन छोटे प्लाटों की रजिस्ट्री को पुनः चालू की जाए। भविष्य में कृषि भूमि की छोटी रजिस्ट्री (अवैध कालोनी/अविकसित प्लाटों) पर रोक लगाई जाए। अवैध कालोनी काटने वालों पर रासुका की कार्रवाई की जाए। प्रापर्टी एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पीपाड़ा, सचिव राजकमल जैन, उपाध्यक्ष बाकिर खमुंशी आदि उपस्थित थे।

**दुर्दशा** • रजिस्ट्री कराने आने वाले 500 से ज्यादा लोगों को रोजाना होना पड़ता है परेशान

# सालाना सवा सौ करोड़ का राजस्व देने वाले रजिस्ट्रार कार्यालय में पेयजल नहीं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सालाना सवा सौ करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व देने वाले जिला पंजीयक विभाग में मूलभूत सुविधा नहीं है। यहां रजिस्ट्री कराने आने वाले लोगों के लिए ना बैठने की व्यवस्था है और ना पंखे लगे हैं। लोगों को गर्मी में परेशान होना पड़ता है। सुविधाघर नहीं होने से ज्यादा दिक्कत महिलाओं को होती है। उन्हें लघुशंका के लिए परेशान होना पड़ता है।

बिजली बंद होने पर दिक्कत शुरू हो जाती है। क्योंकि जनरेटर नहीं चलने से रजिस्ट्रियां रुक जाती है। लोगों ने कई बार शिकायत की। बावजूद अब तक मूलभूत सुविधा नहीं जुटा पाए। विभाग में 70 से 80 रजिस्ट्रियां रोज होती हैं। क्रेता-विक्रेता, गवाह, प्रॉपर्टी ब्रोकर्स मिलाकर 500 से ज्यादा लोग रोजाना पहुंचते हैं।

## अवैध कॉलोनी काटने वालों पर रासुका लगाया जाना चाहिए

• जिले में कोई नई अवैध कॉलोनी न कटे इसलिए कृषि भूमि की छोटी रजिस्ट्री (अवैध कॉलोनी, अविकसित प्लॉट) पर रोक लगाई जाए। हमारी संस्था सदस्य इसमें सहयोग करेंगे व अवैध कॉलोनी काटने वालों के चेहरे उजागर करेंगे। हम मांग करते हैं कि अवैध कॉलोनी काटने वालों के खिलाफ रासुका लगाई जाए। ताकि भविष्य में कोई अवैध कॉलोनी ना कटे। यह मांग रतलाम जिला प्रापर्टी एसोसिएशन ने की है। पदाधिकारियों ने बताया वर्तमान में 2 से 3 हजार प्लॉटों की रजिस्ट्रियों का पंजीयन रुका हुआ है। इससे शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है। ऐसे 2 हजार स्क्वेयर फीट से छोटे प्लाट जिनकी रजिस्ट्रियां हो चुकी हैं। उन अविकसित कॉलोनियों में मकान बन चुके हैं। वहीं नगर निगम में नामांतरण हो चुके हैं व भूमियों के डायवर्सन हो चुके हैं। उन छोटे प्लॉटों की रजिस्ट्रियां फिर से चालू की जाए। रतलाम जिला प्राप्टी ब्रोकर्स एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश पीपाड़ा, सचिव राजकमल जैन, उपाध्यक्ष बाकिर खमुंशी, जाहिद लाला, महेश त्रिपाठी, सुनील चौरड़िया, पवन खंडेलवाल सहित अन्य मौजूद थे।



रतलाम में जिला पंजीयक को ज्ञापन सौंपते प्रॉपर्टी एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### पानी की व्यवस्था है, सुविधाघर उपलब्ध हो इसके लिए प्रयास कर रहे

• पानी की व्यवस्था है। रोज कैन मंगाई जाती है। कोरोना को देखते हुए सैनिटाइजर की व्यवस्था है। सुविधाघर की व्यवस्था का प्रयास किया जा रहा है। इससे जिला प्रशासन से चर्चा हुई है। जल्द ही सुविधाघर की व्यवस्था की जाएगी। प्रभात बाजपेयी, जिला पंजीयक

# स्थायी पर्ची हेतु 26 तक दस्तावेज प्रस्तुत करें

रतलाम। कोविड-19 की लाकडाउन अवधि में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु एनएफएसए अन्तर्गत निर्धारित पात्रता संबंधी दस्तावेज उपलब्ध न होने के कारण घोषणा पत्र के आधार पर जिन हितग्राहियों को अस्थाई पात्रता पर्ची जारी की गई है, जिस पर माह जुलाई तक राशन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि ऐसे हितग्राही स्थायी पात्रता पर्ची जारी करने हेतु पात्रता संबंधी दस्तावेज, प्रमाण पत्र एवं परिवार के सभी सदस्यों के आधार नम्बर वार्ड कार्यालय के प्रभारी/ग्राम पंचायत के सचिव को 26 जुलाई तक अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराएं। जिन परिवारों द्वारा समयसीमा में दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे, उन्हें माह अगस्त 2021 से राशन सामग्री प्राप्त करने की पात्रता समाप्त हो जाएगी। उक्त दस्तावेज उपलब्ध करने के उपरान्त ही उनकी स्थायी पात्रता पर्ची जारी की जाकर माह अगस्त में नियमित राशन उपलब्ध कराया जा सकेगा।

# अस्थाई पात्रता पर्चीधारी स्थायी पर्ची हेतु 26 जुलाई तक दस्तावेज प्रस्तुत करें

**रतलाम।** कोविड-19 की लाकडाउन अवधि में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु एनएफएसए अन्तर्गत निर्धारित पात्रता संबंधी दस्तावेज उपलब्ध न होने के कारण घोषणा पत्र के आधार पर जिन हितग्राहियों को अस्थाई पात्रता पर्ची जारी की गई है, जिस पर माह जुलाई तक राशन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि ऐसे हितग्राही स्थायी पात्रता पर्ची जारी करने हेतु पात्रता संबंधी दस्तावेज, प्रमाण पत्र एवं परिवार के सभी सदस्यों के आधार नम्बर वार्ड कार्यालय के प्रभारी/ग्राम पंचायत के सचिव को 26 जुलाई तक अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराएं। जिन परिवारों द्वारा समयसीमा में दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे, उन्हें आगामी माह अगस्त 2021 से राशन सामग्री प्राप्त करने की पात्रता समाप्त हो जाएगी। उक्त दस्तावेज उपलब्ध करने के उपरान्त ही उनकी स्थायी पात्रता पर्ची जारी की जाकर माह अगस्त में नियमित राशन उपलब्ध कराया जा सकेगा। इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की कठिनाई, समस्या होने पर जिला खाद्य कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07412-270414 अथवा संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय में पदस्थ सहायक/कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से सम्पर्क करें।

# दस्तावेज जमा नहीं, तो बंद होगा राशन

रतलाम. कोविड-19 की लाकडाउन अवधि में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एनएफएसए अंतर्गत निर्धारित पात्रता संबंधी दस्तावेज उपलब्ध न होने के कारण घोषणा पत्र के आधार पर जिन हितग्राहियों को अस्थाई पात्रता पर्ची जारी की गई है, जिस पर माह जुलाई तक राशन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि ऐसे हितग्राही स्थायी पात्रता पर्ची जारी करने के लिए पात्रता संबंधी दस्तावेज, प्रमाण पत्र एवं परिवार के सभी सदस्यों के आधार नम्बर वार्ड कार्यालय के प्रभारी/ ग्राम पंचायत के सचिव को 26 जुलाई तक अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराएं। जिन परिवारों द्वारा समयसीमा में दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे, उन्हें आगामी माह अगस्त से राशन सामग्री प्राप्त करने की पात्रता समाप्त हो जाएगी।

13.7.2021

## समयावधि पत्रों की बैठक में विभागीय समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने दिए निर्देश

# उचित मूल्य की दुकानों पर स्थायी कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाएं

**रतलाम ● स्वदेश समाचार** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि वह लोगों के आने का इंतजार न करें, बल्कि कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनवाए ताकि लोगों को फायदा मिलने में विलम्ब न हो। उचित मूल्य की दुकानों पर स्थायी कैंप लगाए, जो लगभग सात दिन का हो। शहर के लगभग 30 वार्डों में ही मुख्य रूप से फोकस करना होगा, जहां आयुष्मान कार्ड के पात्र अधिकतर व्यक्ति रहते है।

कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि डोर-टू-डोर किल कोरोना सर्वे के साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य भी जारी रखा जाए, इससे मास्टर डाटा भी कलेक्ट हो सकेगा, साथ ही समय-सीमा में कार्ड बनाने की लक्ष्यपूर्ति भी हो सकेगी। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रतिदिन का लक्ष्य दिया। इस अनुसार शहर में प्रतिदिन ढाई हजार, रतलाम ग्रामीण में 400, जावरा-पिपलोदा में 1500 ,आलोट में 1500 ,सैलाना में भी 1500 कार्ड प्रतिदिन बनाए जाना है ।लक्ष्य अनुसार जिले में प्रतिदिन 7000 कार्ड बनेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एक दिन पूर्व लोगों को बता दिया जाए कि कल आपका कार्ड आपकी उचित मूल्य दुकान पर बनाया जाएगा। आपूर्ति विभाग का इंस्पेक्टर प्रतिदिन शहर की दुकानों पर भ्रमण करेगा और समय सीमा सुबह 9 से 5 तक दुकानें खुली रखवाएगा।

**सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर ऑक्सीजन युक्त बेड हो-** कोविड समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी किसी भी लहर से निपटने के लिए पहले से पूरी तैयारी रखी जाना चाहिए, बच्चों के कैयर के लिए ट्रेंड स्टाफ होना चाहिए। इस संबंध में बताया गया कि स्टाफ की ट्रेनिंग जारी है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मैदानी अमले की ट्रैनिंग जिला चिकित्सालय में बुलाकर दी जाए। प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर और बिस्तरों की व्यवस्था हो। प्राथमिक तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सभी बेड ऑक्सीजन युक्त हो। कलेक्टर ने कहा कि इस बार यदि तीसरी लहर आती है तो हमारी तैयारी रहेगी कि हम ग्रास रूट लेबल पर ही शुरुआत से काम कर सकेंगे। स्टाफ की उपलब्धता 24 घंटे हो। सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी प्रशिक्षित किए जाना चाहिए।

**औद्योगिक क्षेत्र में अतिक्रमण बढ़ रहा है -** रतलाम औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण को रोकने के लिए एमडीआरसी को भ्रमण करने के निर्देश दिए तथा कहा कि भ्रमण रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें। परियोजना अधिकारी शहरी विकास को निर्देश दिए कि संकल्प से सिद्धि योजना की सतत् मानिटरिंग करके प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### मुख्यमंत्री हेल्पलाईन की समीक्षा

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की भी समीक्षा की गई संतुष्टि का प्रतिशत देखा तथा राजस्व विभाग को निर्देश दिया कि 20 जुलाई तक संतुष्टि सर्वोच्च लेवल पर दिखे। आलोट तहसीलदार को परफारमेंस सुधार के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में जब तक संतुष्टि का स्तर 75 प्रतिशत नहीं होगा तब तक ए ग्रेड मे विभाग नहीं आ सकता। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में पीएचई के परफारमेंस पर नाराजगी व्यक्त की।

### 53 गांव में स्वास्थ्य केंद्रों के लिए भूमि चिन्हित करें

बैठक मे कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हर विकासखंड में रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। सभी एसडीएम रोजगार मेले का प्लान करें, शहर मे बड़ा रोजगार मेला करना है। स्वास्थ्य विभाग के तहत जिले के 53 गांव में स्वास्थ्य केंद्रों के लिए भूमि चिन्हित की जाना है, इसके लिए सभी बीएमओ, एसडीएम, तहसीलदार से समन्वय करके भूमि चिन्हित करें।

# 17 हेक्टेयर जमीन और देंगे, 35 हेक्टेयर का होगा ट्रांसपोर्ट नगर

## आरडीए ने ट्रांसपोर्ट नगर फेज-टू की तैयारी शुरू की, गोल्ड पार्क की डीपीआर अभी भी अधूरी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

13-7-21

शहर विकास को गति देने वाले रतलाम विकास प्राधिकरण (आरडीए) के दोनों महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट ट्रांसपोर्ट नगर और गोल्ड एंड ज्वेलरी पार्क में बदलाव हो रहा है। ट्रांसपोर्ट नगर 35 हेक्टेयर में फैला होगा। सालाखेड़ी में आवंटित हो चुकी 18 हेक्टेयर जमीन से सटी 17 हेक्टेयर जमीन और मिलेगी।

आरडीए ने इस पर काम शुरू कर दिया है। हालांकि प्राधिकरण पहले फेज-वन में 18 हेक्टेयर जमीन पर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करेगा। फेज-टू में ट्रांसपोर्ट नगर का 17 हेक्टेयर में विस्तार करेगा। उधर गोल्ड एंड ज्वेलरी पार्क की डीपीआर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव की मंजूरी नहीं मिलने से अटक गई है। रिडेंसिफिकेशन योजना में जिला अस्पताल की 300 बेड वाली नई बिल्डिंग बनाने के काम को फिर से योजना में शामिल किया है। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव की मुहर लगना है।

## अब मास्टर प्लान में आरक्षित पूरी जमीन का उपयोग होगा

ट्रांसपोर्ट के लिए सरकार ने मास्टर प्लान में आरक्षित पूरी जमीन का उपयोग करने के आदेश दिए हैं। पहले सालाखेड़ी में मिली 18 हेक्टेयर में ट्रांसपोर्ट नगर विकसित किया जाएगा। जमीन की लोकेशन देखने के लिए भोपाल के कंसलटेंट शैलेंद्र शर्मा ने डीटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाना शुरू कर दिया है। जुलाई अंत तक नक्शा फाइनल हो जाएगा।

**ये है योजना :** गांधी उद्यान के पीछे 2.49 हेक्टेयर में बनने वाले गोल्ड एंड ज्वेलरी पार्क की योजना में 167 करोड़ के निवेश का अनुमान है। बंगली में 1000 सीटर ऑडिटोरियम, विक्रम नगर में 111 शासकीय आवास और जिला अस्पताल की 300 पलंग वाली नई बिल्डिंग बनेगी।

*ट्रांसपोर्ट नगर मास्टर प्लान में आरक्षित 35 हेक्टेयर जमीन पर बनेगा। गोल्ड पार्क प्रोजेक्ट में अस्पताल की नई बिल्डिंग को शामिल किया है। स्वास्थ्य विभाग की मंजूरी मिलते ही डीपीआर फाइनल हो जाएगी।*

**जमुना भिड़े,** सीईओ-आरडीए

Ramasamy
13-7-2021

# सड़कों पर दुकानदार ही फेंक रहे हैं कचरा, 19 पर किया जुर्माना

भास्कर संवाददाता | रतलाम

13.7.21

खुले में कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई करने के लिए नगर निगम ने स्पॉट फाइन दल बना रखा है, लेकिन वह ठीक से कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। ऐसे में गंदगी फैलाने वालों पर लगाम लगाने के लिए सोमवार को खुद आयुक्त सोमनाथ झारिया को इंजीनियरों के साथ सड़क पर उतरना पड़ा। टीम ने सैलाना बस स्टैंड, राम मंदिर क्षेत्र, शहर सराय, धानमंडी, अलकापुरी में चेकिंग कर 19 दुकानदार और नागरिकों पर कार्रवाई की। कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह साथ रहे। आयुक्त झारिया ने बताया नागरिक आसपास गंदगी फैलाने वालों की शिकायत स्पॉट फाइन दल के मनोज टांक (7000848456), पवन झांझोट (7000128812) आकाश शिंदे (9424075393) दे सकते हैं।

## सोमवार को 79 टन कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा

सफाई व्यवस्था में कसावट के चलते सोमवार को 79 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा। इसमें डंपर व ट्रैक्टर ट्रॉली से 44245 टन, कॉम्पेक्टर से सूखा कचरा 21105 टन और गीला कचरा 12670 टन तथा मैजिक 1330 किलो कचरा आया। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहन सही ढंग से कचरा उठा रहे हैं या नहीं मॉनीटरिंग के लिए ट्रेंचिंग ग्राउंड पर रोजाना कचरे को तौला जा रहा है।

13.7.2021

20 मिनट किया गंदगी से परेशान होकर प्रदर्शन

# जिस कॉलोनी में आयुक्त रहते, वहीं के लोग परेशान

पत्रिका सिटी हैपनिंग

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 13-7-21



रतलाम. शहर में सफाई की क्या स्थिति है यह इसी से समझा जा सकता है कि नगर निगम आयुक्त जिस अलकापुरी कॉलोनी में रहते हैं, उसी कॉलोनी के रहवासियों ने जाम चेंबर व गंदगी के खिलाफ सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। आमजन का कहना था की बार बार कहने के बाद भी सफाई करने कर्मचारी आते ही नहीं है।

अलकापुरी स्थित सी कॉलोनी के रहवासियों ने सुबह करीब 9 बजे प्रदर्शन किया। इनका कहना था कि पांच दिन से कर्मचारी को सफाई के लिए बुलवा रहे है, लेकिन कोई आने को तैयार नहीं है। निगम के कम्यूनिटी हॉल में जाते है तो सुनवाई नही होती हैं। आयुक्त से मिलते है तो आदेश तो जारी होते है, लेकिन उस पर सुनवाई नहीं होती है। परेशानी बारिश में अधिक हो रही है, क्योंकि जाम चेंबर में से सांप निकल रहे है। ऐसे में घर में रहने के बजाए घर की छत की शरण लेना होती है। घर में छोटे बच्चे है व परेशानी होती है।

इस क्षेत्र की समस्या के बारे में जानकारी है। रहवासियों को प्रदर्शन करने व परेशान होने की जरुरत नहीं है। एक सप्ताह में उनकी सभी मांग पर कार्रवाई हो जाएगी।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

## हम परेशान हो गए है



हम लोग नगर निगम के व्यवहार से परेशान हो गए है। बार बार चक्कर काटते है, लेकिन सुनवाई नहीं होती। अब तो लगता है जीवन में सफाई बेहतर देख लूं यही अंतिम इच्छा लेकर विदा होना पड़ेगा। **- कृष्णकांता परिहार,** रहवासी अलकापुरी

## काम नहीं होता



चेंबर वर्षो से जाम है। आयुक्त के पास जाते है तो निर्देश तो तुरंत जारी हो जाते है, लेकिन कार्रवाई कुछ नहीं होती है। इस समस्या से क्षेत्रवासी काफी परेशान है।

**- गोविंद अग्रवाल,** रहवासी अलकापुरी सी कॉलोनी

पत्रिका
13-7-2021

# रतलाम सिटी

सूर्यास्त (मंगलवार) 7.10 बजे | सूर्योदय (बुधवार) 5.54 बजे

दैनिक भास्कर, मंगलवार, 13 जुलाई, 2021


## बारिश का असर : जर्जर सड़क बन गई तालाब, बचते-बचाते निकले वाहन चालक



बारिश के बाद सुबह अमृतसागर रोड का हाल ऐसा था कि यहां सड़क ही नहीं दिख रही थी। फोटो-मिंटू मेहता

दै. भास्कर
13-7-2021

(8)

**टीएल बैठक** कलेक्टर ने शहर में प्रतिदिन 2500 कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया

# राशन दुकानों पर कैंप लगाकर बनाएं आयुष्मान कार्ड

13.7.21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। अब उचित मूल्य की दुकानों पर करीब सात दिन तक कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। सोमवार को समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने यह निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शहर एसडीएम तथा निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि वे लोगों के आने का इंतजार ना करें बल्कि कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाएं।

कलेक्टर ने कहा कि शहर के लगभग 30 वार्डों में ही मुख्य रूप से फोकस करना होगा जहां आयुष्मान कार्ड के पात्र व्यक्ति अधिकतर रहते हैं। एक दिन पूर्व लोगों को बता दिया जाए कि कल आपका कार्ड आपकी उचित मूल्य दुकान पर बनाया जाएगा। आपूर्ति विभाग इंस्पेक्टर प्रतिदिन शहर की दुकानों पर भ्रमण करें और समय सीमा सुबह 9: से 5 बजे तक दुकानें खुली रखवाएं।

**जिले में प्रतिदिन 7000 कार्ड बनाने का लक्ष्य**

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कील कोरोना सर्वे के साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य भी जारी रखा जाए, इससे मास्टर डाटा भी कलेक्ट हो सकेगा। कलेक्टर ने शहर में प्रतिदिन 2500, रतलाम ग्रामीण में 400, जावरा व पिपलौदा में 1500, आलोट में 1500, सैलाना में भी 1500 कार्ड प्रतिदिन बनाए जाने का लक्ष्य दिया। लक्ष्य अनुसार जिले में प्रतिदिन 7000 कार्ड बनेंगे।

**सीएम हेल्पलाइन शिकायतों में तेजी से करें निराकरण**

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने आलोट तहसीलदार को परफारमेंस सुधार के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में जब तक संतुष्टि का स्तर 75 प्रतिशत नहीं होगा तब तक ए ग्रेड में विभाग नहीं आ सकता। पीएचई के परफार्मेंस पर नाराजगी व्यक्त की गई।

**मैदानी अमले को जिला अस्पताल में दें ट्रेनिंग**

कोविड समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी किसी भी लहर से निपटने के लिए पूर्व तैयारी जिले में रखी जाना है। बच्चों की केयर के लिए ट्रेंड स्टाफ होना चाहिए। मैदानी अमले की ट्रेनिंग जिला चिकित्सालय में बुलाकर की जाए। प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन सिलेंडर और बिस्तरों की व्यवस्था रखी जाए। सीएमएचओ एक चेक लिस्ट बनाएं, हर एक स्वास्थ्य केंद्र का डाटा हो। प्लान करें कि राउंड द क्लाक स्टाफ की उपलब्धता हो, सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी प्रशिक्षित की जाना है।

**हनुमान ताल पर कल पौधारोपण**

पौधारोपण अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में शनिवार को व्यापक पौधारोपण किया जाए। रतलाम के हनुमान ताल पर बुधवार को प्रातः 9:30 बजे पौधारोपण किया जाएगा। बताया गया कि नेशनल हाईवे विभाग 10 हजार पौधे लगा रहा है।

**हर विकासखंड में रोजगार मेला लगे**

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रोजगार मेले हर विकासखंड पर आयोजित करना है, चालू माह में प्रत्येक विकासखंड में कम से कम एक एक रोजगार मेला आयोजित करना है। नोडल अधिकारी आइटीआइ प्राचार्य को निर्देश दिए शहर में बड़ा रोजगार मेला करना है। बैठक में जीएमडीआइसी को रतलाम औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण को रोकने के लिए भ्रमण करके रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए।

नईदुनिया 13-7-2021

---

**तैयारी** • एक दिन पहले मिलेगी सूचना कहां बनेंगे आयुष्मान कार्ड, जिले में रोज 7 हजार कार्ड बनाने का लक्ष्य

# तीसरी लहर पर फोकस चिकित्सा वॉलेंटियर तैयार होंगे, प्राथमिक केंद्रों पर ऑक्सीजन और बेड रखना होगा, राशन दुकान पर बनेंगे आयुष्मान कार्ड

भास्कर संवाददाता | रतलाम

13-7-21

जिले के प्रशासनिक अमले का पूरा फोकस तीसरी लहर से निपटने पर है। सोमवार को दूसरी टाइम लाइन बैठक का भी केंद्र यही रहा। कलेक्टर ने कहा हर स्वास्थ्य केंद्र पर ऑक्सीजन और बेड तैयार रहना चाहिए। आयुष्मान कार्ड पर फोकस है ताकि किसी को इलाज का फायदा मिलने में देर ना हो।

सबसे ज्यादा फोकस आयुष्मान कार्ड पर है, कलेक्टर ने सोमवार को शहर एसडीएम व निगम आयुक्त से कहा है कि लोगों के आने का इंतजार न करें, कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाएं। कलेक्टर ने कहा उचित मूल्य की दुकानों पर स्थाई कैंप लगाएं जो कि लगभग 7 दिन का हो। शहर के 30 वार्डों में मुख्य रूप से फोकस करना होगा, जहां आयुष्मान कार्ड के पात्र व्यक्ति ज्यादा रहते हैं। शहर में 2.5 हजार, रतलाम ग्रामीण में 400, जावरा व पिपलौदा में 1500, आलोट में 1500, सैलाना में 1500 कार्ड बनाए जाना है। लक्ष्य के अनुसार जिले में 7,000 कार्ड बनेंगे। एक दिन पहले लोगों को बता देंगे कि कल आपका कार्ड आपकी उचित मूल्य दुकान पर बनेगा।

## जिला अस्पताल में बुलाकर दी मैदानी अमले को ट्रेनिंग

आगामी किसी भी लहर से निपटने के लिए पहले से तैयारी रखने का कलेक्टर ने कहा। बच्चों की केयर के लिए ट्रेंड स्टाफ होना चाहिए। सीएमएचओ ने बताया इसे लेकर ट्रेनिंग शुरू हो गई है। कलेक्टर ने मैदानी अमले की ट्रेनिंग जिला चिकित्सालय में बुलाकर देने को कहा है। मैदानी क्षेत्रों में प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों पर ऑक्सीजन सिलेंडर और बिस्तरों की व्यवस्था की जाएगी। प्रधानमंत्री कौशल केंद्र में चिकित्सा वालंटियर तैयार होंगे। इसकी ट्रेनिंग शुरू हो गई है।

## यह भी रहा खास... सीएमएचओ को रखना होगा हर स्वास्थ्य केंद्र का डाटा, डेली की चेक लिस्ट बनाएंगे

- *सीएमएचओ एक चेक लिस्ट बनाएंगे, हर एक स्वास्थ्य केंद्र का डाटा होगा।*
- *सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा।*
- *सभी स्कूलों में शनिवार को व्यापक पौधरोपण किया जाए।*
- *रोजगार मेला हर एक विकासखंड पर करना है, इसी महीने में प्रत्येक विकासखंड में कम से कम एक-एक रोजगार मेला करना है।*
- *बड़ा रोजगार मेला करने के लिए आईटीआई प्राचार्य को कहा है।*
- *स्वास्थ्य विभाग के तहत जिले के 53 गांवों में स्वास्थ्य केंद्रों के लिए भूमि चिन्हित की जाएगी, बीएमओ अपने एसडीएम, तहसीलदार से समन्वय कर भूमि का चयन करेंगे।*
- *जीएमडीआईसी को औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण को रोकने के लिए भ्रमण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का कहा।*
- *परियोजना अधिकारी शहरी विकास को निर्देश दिए कि सिद्धि योजना की मॉनिटरिंग कर रोज रिपोर्ट प्रस्तुत करें।*

दै. भास्कर

13-7-2021

(7)

# कलेक्टर की फटकार : दिन रात चल रहा उकाला सीसी रोड़ का कार्य



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

13-7-2021

शहर में प्रवेश के लिए मुख्य मार्गो मै से एक उकाला सीसी रोड का कार्य कई माह से बंद होने से जनता और आवागमन करने वाले नागरिकों को रोड के कार्य बंद होने से कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था मिडिया और जनता की ओर से जिला प्रशासन को कई बार अवगत करवाया किंतु जनता को सिर्फ आश्वासन मिला।

पत्रकार भरत शर्मा एंव रहवासियों ने मामला कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम तक पहुंचाया जिस पर कलेक्टर ने मामले को संज्ञान के लेते हुए उकाला सीसी रोड निर्माण के जिम्मेदारों को सख्ती दिखाते हुए फटकार लगाई और कार्य जल्द शुरू करने के लिए आदेश दिया।

कलेक्टर की फटकार से रोड निर्माण जिम्मेदारों ने कलेक्टर को 15 जुलाई तक रोड का कार्य पूरा करने के लिए आश्वत कराया। जब मीडिया ने उकाला सीसी रोड का जायजा लिया तो रहवासियों ने जानकारी देते बताया की कलेक्टर के आदेश के बाद से ही रोड के कार्य को पूरा करने के लिए रोड निर्माण जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी अब ठीक प्रकार से निभा रहे है। ओर कार्य समय सीमा में पूरा करने के लिए दिन - रात कार्य कर रहे है।

पत्रकार शर्मा व रहवासियों ने कहा कि रोड बनने से कई प्रकार की समस्याओं से निजात मिल जायेगी । ओर रहवासियो और आवागमन करने वाले नागरिकों को सुविधा मिल सकेगी। प्रसिद्ध गणेश जी के मंदिर पर आने वाले भक्तो को दर्शन के लिए परेशानी नहीं होगी।

रोड बनने से रहवासियों में बहुत उत्साह है । रहवासियों ने कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम का मिडिया के समक्ष आभार माना।

जानकारी अनुसार रोड निर्माण बंद होने से रहवासियों ने विरोध भी किया था। और नगर निगम आयुक्त , एसडीएम, कलेक्टर और तत्कालीन प्रभारी मंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव को मामले से अवगत करवाया था किंतु सभी अधिकारियों ने सिर्फ आश्वासन दिया था।

13-7-2021

# किसी भी लहर से निपटने के लिए पहले से तैयारी जिले में रखी जाए

पत्रिका सिटी इवेंट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

13-7-21

रतलाम. कोविड-समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी किसी भी लहर से निपटने के लिए पहले से पूर्व तैयारी जिले में रखी जाना है। बच्चों की केयर के लिए ट्रेंड स्टाफ होना चाहिए। इस संबंध में ट्रेनिंग जारी है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मैदानी अमले की ट्रेनिंग जिला चिकित्सालय में बुलाकर की जाए। मैदानी क्षेत्रों में प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर और बिस्तरों की व्यवस्था रखी जाए।

प्रधानमंत्री कौशल केंद्र द्वारा भी चिकित्सा वालंटियर तैयार किए जा रहे हैं वहां कस्टमाइज ट्रेनिंग दी जा रही है। प्राथमिक तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सभी बेड ऑक्सीजन युक्त हो। सीएमएचओ को निर्देश दिए कि एक चेक लिस्ट बनाएं, हर एक स्वास्थ्य केंद्र का डाटा हो। प्लान करें कि राउंड द क्लॉक स्टाफ की उपलब्धता हो, सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी प्रशिक्षित की जाना है। इस बार यदि तीसरी लहर आती है तो हमारी तैयारी रहेगी कि हम ग्रास रूट लेवल पर ही शुरुआत से काम कर सकेंगे। वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में शनिवार को व्यापक वृक्षारोपण किया जाए। रतलाम के हनुमान ताल पर बुधवार को सुबह 9.30 बजे पौधरोपण किया जाएगा।



## लोगों के आने का इंतजार ना करें

कलेक्टर ने शहर एसडीएम तथा निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि वे लोगों के आने का इंतजार ना करें बल्कि कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए ताकि लोगों को फायदा मिलने में विलंब नहीं हो। उचित मूल्य की दुकानों पर स्थाई कैंप लगाएं जो लगभग 7 दिन का हो। शहर की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि शहर के लगभग 30 वार्डों में ही मुख्य रूप से फोकस करना होगा, जहां आयुष्मान कार्ड के पात्र व्यक्ति अधिकतर रहते हैं।

## स्वास्थ्य केंद्रों के लिए भूमि चिन्हित करें

स्वास्थ्य विभाग के तहत में जिले के 53 गांवों में स्वास्थ्य केंद्रों के लिए भूमि चिन्हित की जाना है, इसके लिए सभी बीएमओ अपने एसडीएम, तहसीलदार से समन्वय करके भूमि चिन्हित करेंगे। बैठक में जीएमडीआईसी को निर्देश दिए रतलाम औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण को रोकने के लिए भ्रमण करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें। परियोजना अधिकारी शहरी विकास को निर्देश दिए कि संकल्प से सिद्धि योजना की सतत मानिटरिंग कर के प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## डोर-टू-डोर हो कील कोरोना सर्वे

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि डोर-टू-डोर कील कोरोना सर्वे के साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य भी जारी रखा जाए, इससे मास्टर डाटा भी कलेक्ट हो सकेगा। साथ ही समय सीमा में कार्ड बनाने के लक्ष्य की पूर्ति हो सकेगी। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रतिदिन का लक्ष्य दिया। इस अनुसार शहर में प्रतिदिन ढाई हजार रतलाम ग्रामीण में 400, जावरा व पिपलोदा में 1500, आलोट में 1500, सैलाना में भी 1500 कार्ड प्रतिदिन बनाए जाना है। लक्ष्य अनुसार जिले में प्रतिदिन 7000 कार्ड बनेंगे।

## एक-एक रोजगार मेला आयोजित करें

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रोजगार मेले हर एक विकासखंड पर आयोजित करना है, चालू माह में प्रत्येक विकासखंड में कम से कम एक-एक रोजगार मेला आयोजित करना है। सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि रोजगार मेलो को प्लान करें, नोडल अधिकारी आईटीआई प्राचार्य को निर्देश दिए शहर में बड़ा रोजगार मेला करना है। इसके अलावा जिले में आयोजित होने वाले रोजगार मेलों के लिए सभी एसडीएम से बात करें।

पत्रिका
13-7-2021

## दो दिन से लगातार रतलाम में 0 पॉजिटिव

रतलाम | जिले में कोरोना संक्रमित मरीज अब ना के बराबर सामने आ रहे हैं। सोमवार को लगातार दूसरे दिन संक्रमित की संख्या 0 रही। जिले में बीते 5 दिन में सिर्फ 2 पॉजिटिव सामने आए हैं। मई-जून में भयावहता दिखाने के बाद कोरोना फिलहाल बिल्कुल शांत है। इक्का दुक्का मरीज सामने आ रहे हैं। जुलाई में अब तक 5 दिन ऐसे रहे हैं, जब संक्रमित का आंकड़ा 0 रहा है। एक्टिव केस का आंकड़ा 10 के आसपास ही है। जिले में अब तक कुल संक्रमित 17498 हो गए हैं। [illegible]

[illegible]
13-7-21

# सुझाव के लिए 30 दिन का समय बढ़ाया

## मास्टर प्लान पर आपत्ति, अब विभाग ने फिर से किया प्रारूप का प्रकाशन

13.7.21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर के मास्टर प्लान् वर्ष-2035 के ड्राफ्ट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। 6 फरवरी 2021 को प्लान जारी होने के बाद सात मार्च तक आई 277 आपत्तियों के निराकरण के लिए 24 अप्रैल से सुनवाई होना थी, लेकिन लाकडाउन के कारण सुनवाई नहीं हो पाई। अब नगर व ग्राम निवेश विभाग ने नए सिरे से प्रक्रिया प्रारंभ करते हुए सोमवार को फिर से प्रारूप प्रकाशन किया है। 12 जुलाई से 30 दिन की अवधि में मास्टर प्लान पर आपत्ति, सुझाव दिए जा सकेंगे।


मालूम हो कि इससे पहले ग्रीन बेल्ट, आवासीय प्रयोजन आदि पर आपत्ति मिली है। इसमें कुछ आपत्ति हनुमान ताल के पास की कुछ जमीनों का लैंड यूज कृषि उपयोग व क्षेत्रीय उद्यान से आवासीय करने पर भी है। इसी तरह बंजली की चुनिंदा जमीनों को आवासीय किए जाने पर भी आपत्ति दर्ज कराई गई है। इन सभी पर संभवतः जुलाई के अंत में सुनवाई कर निराकरण किया जा सकता है।

### वर्ष 2021 के मुकाबले आवासीय क्षेत्र बढ़ा दिया

मास्टर प्लान 2035 के लिए निवेश क्षेत्र घटाया गया है। नगरीय व ग्रामीण दोनों क्षेत्र में वृद्धि की गई है। वर्ष 2021 में कुल निवेश क्षेत्र का क्षेत्रफल 10163 हेक्टेयर था। इसमें नगरीय क्षेत्र 2425.30 व ग्रामीण क्षेत्र 7738.40 हेक्टेयर था। वर्ष 2035 में ग्रामीण क्षेत्र में कमी करते हुए 7106.49 हेक्टेयर कर दिया गया जबकि नगरीय क्षेत्र बढ़ाकर 3211.64 हेक्टेयर रखा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों की संख्या 13 रखी गई है।

### जनप्रतिनिधियों ने दिए थे सुझाव

ड्राफ्ट प्रकाशन से पहले 12 जनवरी 2021 को हुई बैठक में विभाग द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिया गया था। इसके बाद कुछ सुझाव जोड़कर ड्राफ्ट तैयार किया गया। मैप तैयार करने में भारतीय सर्वेक्षण विभाग से टोपोशीट के आधार पर काम किया गया है। बस स्टैंड, हवाई पट्टी के लिए पूर्व में किए गए प्रविधान ही वापस लिए गए हैं।



रतलाम शहर का ड्रोन कैमरे से लिया गया विहंगम दृश्य। • फाइल फोटो

### ये खास प्रविधान

• राष्ट्रीय राजमार्ग 1 पर सड़क के दोनों ओर 200-200 मीटर की गहराई में, राष्ट्रीय राजमार्ग-1 से सैलाना निवेश क्षेत्र की ओर 250-250 मीटर, सेजावता से बंजली बायपास पर सड़क के एक ओर 150 मीटर तक, राष्ट्रीय राजमार्ग एक पर मंदसौर की ओर 250-250 मीटर के क्षेत्र में आवासीय, अर्धशासकीय, वाणिज्यिक, सार्वजनिक प्रयोजन के लिए निर्माण किए जा सकेंगे। तालाब के पास 30 तो नालों के पास का नौ मीटर का एरिया नगर वन के लिए रखा गया है।

मास्टर प्लान 2035 के ड्राफ्ट पर आपत्ति व निराकरण की प्रक्रिया लाकडाउन के कारण पूरी नहीं हो पाई थी। अब फिर से प्रारूप प्रकाशन किया है। पूर्व में दर्ज आपत्तियां यथावत रहेंगी।

-जीएल वर्मा, सहायक संचालक, नगर व ग्राम निवेश विभाग, रतलाम

नई दुनिया
13.7.2021

# 30 दिन के अंदर दें बिल्डिंग परमिशन- मंत्री भूपेन्द्र सिंह



भोपाल ● 12 जुलाई (वा)
प्रस्तावित मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम-2021 का प्रकाशन कर 15 दिन में आमजन से आपत्ति/सुझाव प्राप्त किए जाएं। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने यह निर्देश विभागीय नियमों पर चर्चा के दौरान दिए। श्री सिंह ने कहा कि बिल्डिंग परमिशन 30 दिन के अंदर देना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि कहीं पर भी निर्धारित समयावधि से अधिक समय के आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास निकुंज श्रीवास्तव ने बताया कि इसके लिए सर्वर भी अपडेट किया जा रहा है।

श्री सिंह ने कहा कि पेयजल और सीवरेज का काम समय पर नहीं करने वाले कांट्रेक्टर्स के विरुद्ध कार्रवाई करें। नए संशोधन के अनुसार कंपाउंडिंग से संबंधित प्रकरणों के निपटारे के लिए शिविर लगाये जा सकते हैं। श्री सिंह ने कहा कि संबंधित भवन स्वामियों को नोटिस जारी करें। कंपाउंडिंग शुल्क में छूट की सीमा भी निर्धारित की जाए।

श्री सिंह ने सड़कों का संधारण और नालों की सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोविड अनुकूल व्यवहार के लिए लोगों को समझाइश दी जाए। जिन दुकानों में ज्यादा भीड़ होती है, वहां कूपन सिस्टम लागू करवाएं। व्यापारियों से भी बात करें। लोगों को मास्क जरूर लगवाएं। इस दौरान प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास मनीष सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**एसओआर रिवाइज करें** -नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने कहा कि नगरीय निकायों में चलने वाले कार्यों का एसओआर रिवाइज करें। उन्होंने कहा कि इससे गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने में सहूलियत होगी। श्री सिंह ने कहा कि शहरी आजीविका मिशन के तहत आवंटित राशि का सदुपयोग सुनिश्चित करें। ट्रेनिंग के लिए पैरामीटर निर्धारित कर योजना की सतत मानिटरिंग करें। स्वसहायता समूहों को ट्रेनिंग देकर बैंक लिंकेज करवाएं। यह योजना अब सभी 407 नगरीय निकायों में लागू कर दी गई है।

## सहकारी संस्थाएं पूरी तरह कम्प्यूटराइज होंगी-भदौरिया

रायसेन ● मध्यप्रदेश के सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया ने आज कहा है कि सहकारी बैंकों एवं सहकारी समितियों को कम्प्यूटराइज किया जाएगा। श्री भदौरिया ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि तेलंगाना और उत्तराखंड राज्य के बाद मध्यप्रदेश ऐसा जिला होगा, जहां लगभग 250 करोड़ की लागत से सहकारी संस्थानों को पूरी तरह कम्प्यूटराइज कराकर भ्रष्टाचार को जीरो परसेंट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता में भ्रष्टाचार पूरी तरह रोका जाएगा। जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है या करने वालों को जेल भेजा जाएगा। 13.7

13-7-2021